
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

12 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दौलत से आदमी को जो सम्मान मिलता है वह उसका नहीं उसकी दौलत का सम्मान है ।

प्रेमचंद



राकेश कुमार


मधु प्रिया

# भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण 12 दिसंबर



दिल्ली दरबार में भारत की राजधानी कलकत्ता (अब कोलकाता) से दिल्ली स्थानांतरित करने का एलान हुआ था। इसके बाद **13** फरवरी, **1931** को दिल्ली को आधिकारिक तौर पर राजधानी घोषित किया गया। दरअसल, उस समय भारत के शासक किंग जॉर्ज पंचम ने **12** दिसंबर, **1911** में दिल्ली दरबार में इसकी आधारशिला रखी थी। दिल्ली के बसने-उजड़ने की प्रक्रिया में **12** दिसंबर तारीख सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। आखिर इसी दिन तो दिल्ली दरबार में भारत की राजधानी कलकत्ता (अब कोलकाता) से दिल्ली स्थानांतरित करने का एलान हुआ था। सन् **1911** में तत्कालीन वायसराय लार्ड हार्डिंग ने इसके लिए पहल की थी। फलस्वरूप इंगलैंड के सम्राट् जार्ज पंचम के भारत-आगमन के समय में इसकी घोषणा हुई एवं दिल्ली में नयी राजधानी का शिलान्यास किया गया। निर्माण-कार्य पूरा होने पर सन् **1931** में, वायसराय लार्ड इर्विन के समय में, पूर्ण रूप से,कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया।

## पुण्यतिथि विशेष 12 दिसम्बर




**मैथिलीशरण गुप्त** *Maithili Sharan Gupt*, जन्म- 3 अगस्त, 1886, झाँसी; मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964, झाँसी) खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया।

TOB
खेल कॉर्नर

# 2025 में भारत के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर

| प्लेयर | रन | मैच | 100/50 | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल  | 983 | 9 | 5/1 | 269 |
| केएल राहुल  | 813 | 10 | 3/3 | 137 |
| रवींद्र जडेजा  | 764 | 10 | 2/6 | 107* |
| यशस्वी जायसवाल  | 745 | 10 | 3/3 | 175 |
| ऋषभ पंत  | 629 | 7 | 2/4 | 134 |


राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.12.2025


## अनुभवजन्य अवलोकन


अनुभवजन्य अवलोकन **(Empirical Observation)** का अर्थ है प्रत्यक्ष अनुभव, प्रयोग, और संवेदी धारणा (देखना, सुनना, छूना, सूंघना, चखना) के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया। यह केवल सैद्धांतिक तर्क या अटकलों के बजाय वास्तविक दुनिया के मापने योग्य और सत्यापन योग्य साक्ष्य **(evidence)** पर निर्भर करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ **सत्य नडेला** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। **माइक्रोसॉफ्ट** ने भारत में एशिया में अब तक का अपना सबसे बड़ा **1.5 लाख करोड़ रुपये** से अधिक का निवेश करने का वादा किया है।


TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोएं थे,
सोचा था,पैसौं के प्यारे पेड़ उगेंगे।
रूपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी
और फूल-फल कर मैं मोटा सेठ बनूंगा।
सुमित्रा नंदन पंत
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रकवि
मैथिली शरण गुप्त
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
3 अगस्त 1886-12 दिसंबर 1964
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

12 दिसंबर



लोकप्रिय धारावाहिक रामायण के निर्देशक

पद्मश्री से सम्मानित

# रामानंद सागर

की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन

29 दिसंबर 1917 - 12 दिसंबर 2005

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari